




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/ म.प्र./ मन्दसौर/ 122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 250 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 26 जून 2025 | मूल्य 2 रुपया


## प्रॉपर्टी ट्रांसफर कराने के लिये अब नहीं करना होगी भागदौड़

**भोपाल, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** अब संपत्ति के नामांतरण से पहले होने वाली सुनवाई में रिकॉर्ड की कमी आड़े नहीं आएगी। सरकारी रिकॉर्ड रूम से रिकॉर्ड निकलवाए जाएंगे और उस आधार पर तय तारीखों में सुनवाई होगी। अभी नामांतरण के लिए अर्जी लगाने वालों को ही रिकॉर्ड उपलब्ध कराने होते हैं, जो कई बार आसानी से उपलब्ध नहीं होते। इस तरह समय पर सुनवाई नहीं होती और संबंधितों को परेशान होना पड़ता है। यही नहीं, सरकारी रिकॉर्ड में भी प्रकरणों के लंबित होने की संख्या बढ़ती रहती है।

### राजस्व विभाग ने बनाई नई व्यवस्था...

नामांतरण से जुड़े मामलों में सरकार की पहल पर राजस्व विभाग ने नई व्यवस्था बनवाई है। इस आधार पर राजस्व विभाग ने सभी कलेक्टरों को पत्र जारी कर पालन करने को कहा है। विभाग की ओर से कहा गया है कि सरकारी व निजी जमीनों के नामांतरण से जुड़े प्रकरणों में मंगवाए जाने वाले दस्तावेज संबंधित द्वारा तहसील कार्यालयों से ही प्राप्त किए जाते हैं। ऐसे में संबंधित रिकॉर्ड हासिल करने से लेकर उन्हें पेश करने की अवधि तक आवेदक परेशान होते हैं। समय भी लगता है। जबकि, राजस्व अधिकारियों का भी यह दायित्व है कि वे अभिलेख सुरक्षित रखें। नामांतरण से जुड़े जिन भी मामलों में रिकॉर्ड देखने की जरूरत महसूस हो तो राजस्व निरीक्षक व पटवारी से रिपोर्ट मंगवा लें।

### इसलिए उठाया कदम...

सरकार के संज्ञान में आया कि जब कोई व्यक्ति किसी जमीन पर विधिपूर्वक अधिकार पाने के लिए नामांतरण के लिए आवेदन करता है तो उससे बंदोबस्त तक या उसके पहले के दस्तावेज मांगे जा रहे हैं, जो कि सभी मामलों में उपलब्ध कराना कई बार मुश्किल होता है। इस तरह जो लोग दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाते, उनकी सुनवाई टलती रहती है। ऐसे में अब संबंधित अधिकारी को ही निर्देशित किया गया है कि वे स्वयं दस्तावेज निकालकर समय पर कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## चौबीस घंटो में मौसम ने बदले कई रंग

### कभी बारिश, कभी धूप से सराबोर रहा बुधवार

**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** मौसम 24 घंटे में ही अलग-अलग रंग दिखा रहा है। मंगलवार को मंदसौर जिले में कई जगहों पर झमाझम बारिश हुई। वहीं मंदसौर में खंड वर्षा के रूप में बारिश का दौर चला। इधर शहर के मध्य में दिनभर बादल छाए रहे। इसके बाद रात में बारिश का दौर चला। रात में कई जगहों अच्छी खासी बारिश हुई।

बुधवार को मौसम फिर से खुल गया। सुबह कुछ समय बादल छाने के बाद धूप खिल गई। दोपहर में धूप होने के बाद शाम को फिर बादल छाए और बारिश का संकेत देने लगे। इसके कुछ देर बाद शाम छह बजे करीब बारिश का दौर शुरु हुआ। जिसके बाद फिर उमस की स्थिति बनी। इधर प्रदेश के 16 जिलों में बुधवार को हैवी रेन का अलर्ट मौसम विभाग ने बताया था। इनमें भोपाल, नर्मदापुरम, रीवा, सागर, ग्वालियर-चंबल संभाग के जिले शामिल रहे।

# रंगीन स्वाद पहुंचा सकता है अस्पताल..!

## फूड कलर में मापदंडों की अनदेखी, जिम्मेदार मौन

**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** बाजार में कई खाद्य पदार्थो के रूप में रंगीन जहर मिल रहा है। हम बात कर रहे हैं शहर सहित जिलेभर में खाद्य पदार्थों मे मिलने वाले फूड कलर की। इस रंगीन स्वाद का कड़वा सच यह भी है कि ये फूड कलर किसी के लिए भी गंभीर स्वास्थ्य समस्या का कारण बन सकते हैं। मठाई हो, केक, चॉकलेट-टॉफी, बर्फ का गोला, सॉफ्ट ड्रिंक या फिर अन्य खाद्य पदार्थ, खान-पान की सामग्रियों में फूड कलर का बढ़ता उपयोग हमारे स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। विशेषकर अखाद्य रंगों के अवैध उपयोग या खाद्य रंगों का तय मापदंड से अधिक इस्तेमाल गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। जांच और जागरूकता की कमी इस आशंका को और भी बढ़ा रही है।

### खाद्य रंगों को लेकर जांच की कमी...

स्वास्थ्य सुरक्षा के दृष्टिगत इन रंगों के उपयोग को लेकर कड़े नियम लागू हैं। लेकिन इनका उपयोग कितना हो रहा है, इस पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है। शहर सहित जिले भर में खाद्य रंगों का मय मापदंडों के अनुसार शत-प्रतिशत उपयोग नहीं हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और खराब है। यहां अखाद्य रंगों के बेरोकटोक उपयोग की आशंका है। इधर खाद्य सुरक्षा विभाग समय-समय पर जांच के लिए खाद्य सामग्रियों के सैंपल तो लेता है। लेकिन, इनमें खाद्य रंगों को लेकर खास फोकस नहीं किया जा रहा है।

### एलर्जी के साथ अस्थमा और केंसर तक का खतरा...

चिकित्सकों के अनुसार अमानक खाद्य रंग या इनका अधिक उपयोग मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। कुछ खाद्य रंगों से एलर्जिक रिएक्शन होता है, चमड़ी पर लाल रंग के चकते हो जाते हैं। कुछ लोगों में अस्थमा की शिकायत हो सकती है।

## सेंपलिंग में नजर नहीं आ रहे खाद्य पदार्थों के रंगीन कलर



कुछ रंग ऐसे भी होते हैं जो बच्चों की ध्यान शक्ति पर असर डालते हैं और उसे क्षीण करते हैं। कुछ रंगों के लगातार उपयोग से कैंसर होने का खतरा रहता है। इसके अलावा यह पाचन प्रणाली प्रभावित कर सकते हैं।

### यह कहता है रंग मिलाने का नियम...

दो प्रकार के कलर होते हैं फूड व नॉन फूड कलर। फूड कलर को कुछ खाद्य पदार्थों में उपयोग की अनुमति है, लेकिन नॉन फूड कलर को मिलाने की अनुमति नहीं होती। फूड कलर को भी बहुत कम मात्रा में मिलाने की अनुमति है। यह अधिकतम 10 लाख में एक भाग मिलाया जा सकता है। फूड कलर मात्रा से अधिक पाए जाने पर अर्थदंड का प्रावधान है। जबकि, नॉन फूड कलर मिलना अनसेफ की श्रेणी में आता है। इसमें कारावास का प्रावधान है। सतत जांच, कार्रवाई और जागरूकता बढने से पहले की तुलना में हानिकारक रंगों का उपयोग कम होना पाया जा रहा है।



### मसालों में उपयोग प्रतिबंधित...

मसालों में किसी प्रकार के रंग का उपयोग प्रतिबंधित है। इसके बावजूद कई लोग मसालों को बेहतर दिखाने के लिए अवैध रूप से इनका इस्तेमाल कर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करते हैं। इनमें मुख्य रूप से लाल मिर्च पाउडर, खड़ा धनिया, सौंफ आदि शामिल हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग दूध, घी, पनीर, बनी हुई सब्जी आदि के सैंपल लेने की कार्रवाई तो आए दिन करता है। लेकिन छोटे-बड़े किराना दुकानों से मसालों के सैंपल लगभग नहीं के बराबर लिए जाते हैं।

### आठ कृत्रिम रंगों के उपयोग को अनुमति...

| रंग साधारण नाम | आइएनएस नं. रासायनिक वर्ग |
|---|---|
| लाल पोसेंड | 04 आर 124 अजो |
| कार्मोइसिन | 122 अजो |
| एरिथ्रोसिन | 127 जैंथीन |
| पीला टाट्राजींन | 102 पाइराजोलोन |
| सूर्यास्त पीला एफसीएफ | 110 अजो |
| नीला इंडिगो कारमाइन | 132 इंडिगोएड |
| चमक्दार नीला एफसीएफ | 133 ट्राइएरिलमीथेन |
| हरा तेज हरा एफसीएफ | 143 ट्राइएरिलमीथेन |

**(नोट-भारत में खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 आमतौर पर भोजन में इन आठ कृत्रिम रंगों की अनुमति देता है।)**

# लूटेरी दुल्हन ने एक और युवक को शिकार बनाया

## सुहागरात के पहले अपनी गैंग के साथ नकदी-जेवर लेकर हुई फरार





**गरोठ, 25 जून गुरु एक्सप्रेस। दस तारीख को शादी...11 को रातीजगा और 12 की रात को लूटेरी दुल्हन वेंटीलेशन की दीवार फांदकर अपनी गैंग के साथ फरार हो गई। मामला गरोठ के कोटड़ा बहादुर गांव का है। जहां लूटेरी दुल्हन और उसके साथियो ने एक युवक को करीब 04.50 लाख रुपए का चूना लगाया। फरियादी ने कर्जा लेकर शादी की थी। नकदी और जेवरात मिलाकर लूटेरी दुल्हन की गैंग ने उसके साथ लाखो की धोखाधड़ी की है। इस मामले में पुलिस ने दुल्हन सहित दो अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।**

कोटड़ा बुजुर्ग के रहने वाले मुकेश पिता बाबूलाल पाण्डे की शादी को लेकर अर्चना पिता रामेश्वर निवासी सलैया बैतुल से चर्चा हुई। मुकेश के परिवार को दुल्हन दिलवाने का भरोसा अर्चना ने दिलाया। इसके बाद लड़की को लेकर घर आने के लिए पांच हजार रुपए किराया मांगा। पांच हजार रुपए लेने के बाद लड़की की बुआ की मौत का बहाना बनाया गया। इसके कुछ दिन बाद फिर किराया मांगकर घर आने की बात कही। इस तरह से तीन हजार रुपए फिर फरियादी के परिवारजनों ने दिए। इसके बाद भी कोई नहीं आया। एक बार फिर मुकेश के परिवार से फोन कर घर आने की बात कहीं। इस बार कहा गया कि हमें कोई किराया भाड़ा नहीं चाहिए। रिश्ता पक्का होने के बाद बात कर लेंगे। इसके बाद 10 जून को चार पहिया दो वाहनो में तीन महिलाएं और तीन पुरुष मुकेश के घर पहुंचे। यहां रात रुककर दूसरे दिन 11 जून मिश्रोली माता मंदिर में शादी कर भवानी मंडी में कोर्ट पहुंचकर कागाजी कार्रवाई की।

इसके बाद डेढ लाख रुपए मुकेश ने अर्चना को दिए। मुकेश दुल्हन ज्योति पिता ओमकार बागड़े निवासी देवरी बालाघाट को लेकर घर आ गया। उसी दिन रात रातीजगा का कार्यक्रम घर पर था। दूसरे दिन 12 जून की रात में वेंटीलेशन की दीवार फादकर दुल्हन ज्योति फरार हो गई। इधर घर वाले उसे ढूंढने निकले। पता चला कि गांव के बाहर ही एक कार खड़ी थी। यह वही कार थी, जिसमें दुल्हन को पहली बार दिखाने के लिए अर्चना और अन्य लोग आए थे। इसके बाद पुलिस को शिकायत दर्ज कराई गई।

### कर्जा लेकर की शादी, नकदी-जेवर लेकर भागी दुल्हन...

फरियादी मुकेश ने बताया की शादी के लिए डेढ लाख रुपए डेढ़ लाख रूपए लिये गए थे। इसके अलावा मंगलसूत्र, पुश्तैनी जेवर के अलावा शादी के लिए खाना देने के लिए रखे गए रुपए भी आरोपी दुल्हन लेकर फरार हो गई। मुकेश ने बताया कि करीब साढ़े चार लाख रुपए की धोखाधड़ी उसके साथ हुई है। जबकि, कर्जा लेकर उसने शादी की थी।

### गांव में यह पांचवा मामला...

मुकेश ने बताया कि इसके पहले भी गांव में तीन से चार घटनाएं इस तरह की हो चुकी है। इस मामले में कोई पुलिस एफआईआर नहीं की गई। मुकेश ने बताया कि परिवार में कोई औरत नहीं है। इसलिए परिवारजनों के कहने पर शादी की थी। जिसके लिए कर्जा लेना पड़ा।

## गोल चौराहा से बाइक चोरी

**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** गोल चौराहा से एक मोटर साइकिल चोरी हो गई। जानकारी अनुसार खानपुरा निवासी दिनेश साहू ने शहर थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि गोल चौराहा स्थित किराए के मकान के बाहर से विगत दिवस सुबह 6 बजे कोई अज्ञात व्यक्ति बाइक हीरो स्प्लेंडर आरजे 35 एमक्यू 3958 को चुरा कर ले गया है। मामले में पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर बाईक चोरी का मामला दर्ज किया है।

# परीविक्षा वालों को भी नहीं छोड़ा, अब होंगे तबादले निरस्त

## नीमच स्वास्थ्य विभाग में भी स्वार्थ के चलते किए परीविक्षा वालों के तबादले

**ब्रजेश परमार**

**उज्जैन, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** स्थानांतरण के लिए प्रदेश में निती लाई गई थी। इसके साथ ही विभागीय स्तर पर तमाम प्रक्रिया को बताया गया था। इसके बाद भी अधिकारियों ने अपने स्वार्थ के चलते तबादलों में नियमों को ताक पर रखा है यहां तक की परीविक्षा अवधि वाले कर्मचारियों को भी तबादलों में प्रभावित किया है। ऐसे मामलों में अब तबादला निरस्ती के आदेश उपर से दिए जा रहे हैं।

परीविक्षा अवधि के कर्मचारियों के तबादलों के मामले में आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमन शुक्ला ने विभाग में हुए ऐसे तबादलों को लेकर पत्र जारी किया है। इसमें समस्त कलेक्टरों को संबोधित करते हुए कहा गया है कि कतिपय जिलों में यह तथ्य प्रकाश में आया है कि 03 वर्ष की परिवीक्षा अवधि समाप्त होने के पूर्व ही प्राथमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक का स्थानांतरण जिले में एक स्थान से दूसरे स्थान पर कर दिया गया है। विभागीय नीति अनुसार प्राथमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक के स्थानांतरण सेवा में उपस्थिति दिनांक (Date of Joining) से 03 वर्ष की अवधि अर्थात् परिवीक्षा अवधि के दौरान अनुमन्य नहीं हैं। ऐसे मामलों में निर्देश दिए गए हैं कि उक्त प्रकार के जिला स्तर पर किए गए समस्त स्थानांतरण तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए यह भी सुनिश्चित करें कि संबंधित शिक्षक को वर्तमान में पदस्थ संस्था से कार्यमुक्त न किया जाए।

### स्वास्थ्य विभाग में भी हुआ ऐसा ही...

उज्जैन संभाग के स्वास्थ्य विभाग में भी कुछ जिलों में परीविक्षा अवधि के तबादलों के मामले सामने आ रहे हैं। इसमें नीमच जिले में ऐसे तबादलों की जानकारी संभागीय कार्यालय तक भी पहुंची है, जबकि बताया जा रहा है कि निती एवं नियमों के अनुसार परीविक्षा अवधि में तबादला नहीं किया जा सकता है। संभवत: स्वास्थ्य विभाग के मामलों में भी आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं इस तरह का पत्र जारी करेंगे साथ ही जिला स्तर पर जिला अधिकारियों द्वारा नियम विपरित किए गए ऐसे तबादलों के प्रकरणों की जांच भी करवाएंगे।

## अवैध बंदूक के साथ एक गिरफ्तार



**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला मुख्यालय की नई आबादी थाना पुलिस ने बादाखेड़ी गांव से बारह बोर की अवैध देशी बंदूक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मनसब अली पिता वली मोहम्मद निवासी बादाखेडी को बादाखेड़ी- साकरिया रोड से अवैध बारह बोर बंदूक दो नाल और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओ के तहत प्रकरण दर्ज किया है।



## आधार कार्ड में बच्चों की त्रुटियां सुधरवाने वालों की लग रही भीड़

**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले में बच्चों के आधार कार्ड बनवाने और उसमें सुधार कराने में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नया शिक्षण सत्र शुरू होते ही स्कूलों द्वारा बच्चों की परिवार आईडी मांगी जा रही है, जो आधार कार्ड के बाद ही नगर पालिका द्वारा जनरेट की जाती है। इसके अलावा राशन प्रणाली का लाभ लेने के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है। लेकिन ई-केवाईसी के लिए सभी दस्तावेजों में नाम और अन्य जानकारी एक समान होना आवश्यक है। बच्चों के आधार कार्ड में त्रुटियों के कारण अभिभावकों को बार-बार आधार सेंटर के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। महीने की शुरुआत से ही आधार केंद्रों पर सुबह आठ बजे से ही लोग लाइन में लग जाते हैं। इसके बाद भी बड़ी संख्या में बच्चों के नए आधार पंजीयन रिजेक्ट हो रहे हैं। रिजेक्शन का कारण स्पष्टन होने से अभिभावकों की परेशानी और बढ़ रही है।

# मदारपुरा के सलीम मांडा पर था 20 हजार का ईनाम, नीमच पुलिस ने राजस्थान से दबोचा

## समाजसेवी अशोक अरोरा पर हुए हमले में चल रहा था फरार

**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस। करीब सवा साल पहले नीमच में समाजसेवी और व्यवसायी अशोक अरोरा पर हुए प्राणघातक हमले में फरार चल रहे मंदसौर के मदारपुरा निवासी 20 हजार के ईनामी बदमाश सलीम मांडा को नीमच पुलिस ने दबोच लिया है। आरोपी राजस्थान में फरारी काट रहा था। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को धरदबोचा।**



जानकारी के अनुसार घटना 04 फरवरी 2024 को नीमच शहर के व्यस्ततम मार्ग सिटीलाईट फर्नीचर के पास की है। नीमच के व्यवसायी अशोक पिता स्व. कश्मीरीलाल अरोरा अपनी वाल्वो कार क्रं. डीडी-02-जी-1100 से जा रहे थे। जैसे ही वह अपनी कार से सिटीलाईट फर्नीचर के यहां पहुंचे की रांग साईड से काले रंग की क्रेटा कार क्रमांक एमपी-44-सीबी-2430 तेजी से आई और वाल्वो कार के सामने अड़ा दी। कार मे से चार लोग उतरे और चारों ने अशोक अरोरा को जान से मारने की नियत से वाल्वो कार पर अंधाधुंध फायरिंग शुरु कर दी, जिससे अशोक अरोरा को गोली लगी और वह घायल हो गये। अशोक अरोरा कारोबारी होने से उनकी जान माल की सुरक्षा हेतु उनके साथ नारायणसिंह नाम का व्यक्ति दुसरे वाहन से साथ चल रहा था। जिसके द्वारा लायसेंसी बन्दुक से आत्मरक्षा हेतु जवाबी फायरिंग की गई। जिसके चलते तीन आरोपी अशोक अरोरा तथा उनके साथ चल रहे दुसरे लोगो पर फायरिंग करते हुये हथियार लेकर मौके पर गाड़ी छोड़कर भाग गये और एक व्यक्ति घायल होकर नीचे गिर गया था। जिसकी पहचान बाबु फकीर के नाम से हुई थी।

### पहले ही हो चुके हैं 09 बदमाश गिरफ्तार, सलीम की थी तलाश...

मामले में 09 आरोपी पूर्व में ही गिरफ्तार किये जा चुके है। फरार आरोपी सलीम माण्डा उर्फ सलीम हाजी पिता आमीन शाह निवासी मदारपुरा मंदसौर घटना दिनांक से फरार चल रहा था। आरोपी सलीम माडा उर्फ सलीम हाजी की गिरफ्तारी पर पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा 20 हजार का ईनाम घोषित किया गया था।

### खाना बनाने का काम करता था सलीम, डूंगरपुर से दबोचा...

नीमच पुलिस टीम द्वारा लगातार आरोपी सलीम माण्डा उर्फ सलीम हाजी की गिरफ्तारी हेतु तकनिकी अनुसंधान एवं मुखबीर तंत्र के आधार पर मध्यप्रदेश एवं राजस्थान के जिलों में दबिशे दी गई। आरोपी सलीम माण्डा उर्फ सलीम हाजी खाना बनाने का काम करता है। वह बोहरा समाज के ग्रुप के साथ जाता रहता था। पुलिस को पता चला कि वह राजस्थान के जिलों में फरारी काटता रहा है। 23 जून 2025 को सायबर सेल टीम द्वारा इनपूट के आधार पर आरोपी सलीम माण्डा उर्फ सलीम हाजी पिता आमीन शाह निवासी मंदसौर को राजस्थान के डुंगरपुर से गिरफ्तार किया गया।

## निजी अस्पतालों को फर्जी प्रमाण पत्र का खेल...

# पूर्व सीएमओ सुधीर सिंह, वर्तमान सीएमएचओ सहित दो अन्य अधिकारियों के विरूद्ध लोकायुक्त में प्रकरण दर्ज, जांच शुरू

**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर नगरपालिका के पूर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर सिंह के कार्यकाल में निजी अस्पतालों को फर्जी तरीके से व्यावसायिक प्रमाण पत्र जारी करने का मामला सामने आया है। इस मामले में लोकायुक्त ने स्थानांतरित नपा सीएमओ सुधीर सिंह, सीएमएचओ डॉ. जीएस चौहान और नगरपालिका इंजीनियर पीएस धार्वे के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। लोकायुक्त ने प्रकरण क्रमांक 049/ई/2025-26 दर्ज कर इस शिकायत की जांच में जिला शहरी विकास प्राधिकरण की परियोजना अधिकारी से भी जवाब मांगा है।

### यह है पूरा मामला...

मंदसौर नगरपालिका के इतिहास में सुधीर सिंह अब तक का सबसे अक्षम सीएमओ माना जा रहा है। सुधीर सिंह 'श्रेणी-घ' का अधिकारी होने के बावजूद उन्हें 'श्रेणी-ए' की नगरपालिका में नियुक्त किया गया था। जिसके बाद उनके द्वारा किए गए उल्टे सीधे कार्यों नें विवादों को जन्म दे दिया। तत्कालीन सीएमएचओ डॉ. अनिल नकुम ने जिले के 29 निजी अस्पतालों को अनियमितताओं के कारण नोटिस जारी किए थे। इन नोटिस में भवन की व्यावसायिक अनुज्ञा, भवन पूर्णता प्रमाण पत्र सहित कई कमियों को 30 दिनों में पूरा करने का निर्देश दिया गया था। इन कमियों को पूरा करना लगभग असंभव था, जिसके चलते 07 नवंबर 2022 को 21 निजी अस्पतालों के लाइसेंस रद्द कर दिए गए।

### सीएमओ सुधीर सिंह ने कर दिया खेल...

नपा में सीएमओ रहे प्रेम कुमार सुमन के स्थानांतरण के बाद सुधीर सिंह ने मंदसौर नगरपालिका के सीएमओ का पदभार संभाला। इस दौरान नए सीएमएचओ डॉ. जीएस चौहान भी नियुक्त हुए। सुधीर सिंह ने नपा में आते ही निजी अस्पताल संचालकों के साथ सांठगांठ कर फर्जी पत्र जारी कर दिए। सीएमओ और इंजीनियरों ने मिलकर इतना गोलमाल पत्र जारी किया कि सांप भी नहीं मरे और लाठी भी नहीं टूटे। उन्होंने निजी अस्पतालों को जो पत्र जारी किया उसमें लिखा कि 'अस्पतालों के भवनों का निर्माण पूरा हो चुका है और वे व्यावसायिक उपयोग (अस्पताल) के लिए उपयुक्त हैं, क्योंकि संबंधित पक्ष व्यावसायिक टैक्स जमा कर रहे हैं।'

हैरानी की बात यह है कि ये पत्र न तो भवन की व्यावसायिक अनुज्ञा को सिद्ध करते थे और न ही भवन पूर्णता प्रमाण पत्र की शर्तों को पूरा करते थे। इसके बावजूद, सीएमएचओ डॉ. जीएस चौहान ने इन पत्रों के आधार पर 29 निजी अस्पतालों की मान्यता का नवीनीकरण कर दिया। यह सवाल उठता है कि जब पूर्व सीएमओ प्रेम कुमार सुमन ने इन अस्पतालों को प्रमाण पत्र जारी करने से इनकार किया था, तो सुधीर सिंह ने आते ही यह काम कैसे कर दिया?

### अवैध निर्माण और पार्किंग का मुद्दा यथावत...

शिकायत में आरोप है कि मन्दसौर में आधे से अधिक निजी अस्पतालों के पास व्यावसायिक अनुमति नहीं थी और कई के खिलाफ नगरपालिका में अवैध निर्माण की शिकायतें दर्ज थीं। नगरपालिका के इंजीनियरों ने स्वयं मौके पर गलत निर्माण की पुष्टि की थी। इसके बावजूद, सुधीर सिंह ने जनवरी 2023 में इन अस्पतालों को व्यावसायिक प्रमाण पत्र जारी किए। हैरानी की बात यह है कि जनवरी 2024 में यही सुधीर सिंह इन अस्पतालों को पार्किंग व्यवस्था के लिए नोटिस जारी करते नजर आए। सवाल यह है कि यदि अस्पताल व्यावसायिक अनुमति के तहत संचालित हो रहे थे, तो पार्किंग की कमी कैसे रह गई? क्या नगरपालिका और इसके इंजीनियरों ने गलत प्रमाण पत्र जारी किए?

### लोकायुक्त ने शुरू की कार्रवाई...

मंदसौर के पत्रकार नरेंद्र धनोतिया ने इस मामले की लोकायुक्त के समक्ष सम्पूर्ण दस्तावेजों के साथ शिकायत की। उनकी शिकायत के आधार पर लोकायुक्त ने मन्दसौर नगरपालिका में सीएमओ रहे सुधीर सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ. जीएस चौहान, प्रेम कुमार सुमन और इंजीनियर पीएस धार्वे के खिलाफ जांच शुरू की है। लोकायुक्त ने मन्दसौर जिला शहरी विकास प्राधिकरण की परियोजना अधिकारी से भी जवाब तलब किया है।

## दशपुर विद्यालय में कैरियर संबंधी सेमिनार सम्पन्न



**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर विद्यालय मंदसौर में आज दशपुर विद्यालय एवं डेक्सटर ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों के लिए भारतीय जैन संगठन के तत्वावधान में एक विशेष ' कैरियर कम्पास नेविगेशन सेमिनार - फाउंडेशन प्रोग्राम ' का आयोजन किया गया। यह सेमिनार कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा निर्धारित करने हेतु आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य छात्रों को उनके रुचि और कौशल के अनुसार सही करियर चयन में मार्गदर्शन देना था।

सर्वप्रथम विद्यार्थियों द्वारा उपस्थित अतिथियों का पौधे प्रदान कर उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. वीणा सिंह (सहा. प्राध्यापक अंग्रेजी एवं जिला नोडल करियर मार्गदर्शन, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर) जो एक प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर हैं, जो अब तक 24 शोध-पत्र प्रकाशित कर चुकी हैं तथा 42 से अधिक सेमिनार, कार्यशालाओं में भाग ले चुकी हैं। उन्होंने 13 से अधिक करियर मार्गदर्शन कार्यशालाओं का संचालन भी किया है। आपके द्वारा विद्यार्थियों को केरियर संबंधी जानकारी प्रदान की। सेमिनार में अमय सिंह, बीए ऑनर्स साइकोलॉजी (इंस्टिट्यूट ऑफ़ एक्सीलेंस, भोपाल) के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे, जो बहुआयामी प्रतिभा के धनी हैं। वे मोटिवेशनल लेखक, गायक, स्केच आर्टिस्ट, डांसर, कराटे ब्लैक बेल्ट, सिंथेसाइज़र प्लेयर एवं बास्केटबॉल खिलाड़ी हैं। उन्होंने कोविड काल में अपनी कलाकृतियाँ बेचकर 101 कोविड मेडिसिन किट और दो व्हीलचेयर दान किए थे। उन्हें दैनिक भास्कर द्वारा कर्म योद्धा अवार्ड और नेशनल एम बी ए लिट्रेसी, मुंबई द्वारा भी सम्मानित किया गया है। इस आयोजन में श्रीमती श्वेता पोरवाल (अध्यक्ष) एवं श्रीमती सुनीता जैन (सचिव) के नेतृत्व में भारतीय जैन संगठन मंदसौर टीम ने आयोजन को सफल बनाया। छात्रों ने इस सेमिनार से अत्यंत लाभान्वित अनुभव किया और अपने करियर को लेकर नए दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त की। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य प्रिंस वी. थॉमस, उपप्राचार्य श्री शैलेन्द्र पुरोहित, सुपरवाइजर श्री हकीमप्रसाद शर्मा सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे।

## श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ सम्पन्न



**मनासा, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही सांप्रदायिक युवा संत चेतनराम जी राम जी की प्रेरणा से व सनातन सत्संग मंडल के मार्गदर्शन में मंदिरो की नगरी मनासा में विगत 40 सप्ताह से अनवरत जारी श्रीहनुमान चालीसा सामुहिक पाठ का विराट आयोजन नगर के भडजी गली स्थित श्रीचारभुजानाथ मंदिर पर झमाझम बारिश के बीच सेकडो भक्तो की उपस्थिति के सम्पन्न हुआ । चारभुजा मंदिर व्यवस्था समिति के सदस्य महेश सारडा, राजेन्द्र चोखड़ा, संदीप चोखड़ा, दिनेश तोषनीवाल, अमित शर्मा, दिनेश सोनी आदि ने श्रीहनुमान जी की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित करते हुए पूजा के साथ सत्संग का प्रारंभ किया। सत्संग में अपने सुंदर भजनों से नगर के भजन गायक विजय उपाध्याय, अनिल लढ्ढा, अरुण झँवर, दिनेश राठौर, अमित शर्मा, सत्यनारायण सोनी, गोपाल राठौर आदि ने भजनो के माध्यम से भक्तो को नृत्य करने को प्रेरित किया। सनातन समाज में सामाजिक समरसता, परिवारो में एक्यभाव, स्नेहभाव, सनातन संस्कार को व्यवहार में उतारने के पावन उद्देश्य को नगर में सनातन सत्संग मंडल द्वारा हनुमान चालीसा का सामुहिक पाठ जारी हे। मंडल ने बताया की हनुमान चालीसा का 41वा आयोजन कुशवाह समाज के श्रीराम मंदिर, काछी मोहल्ला, मनासा पर होगा।

## वैष्णव बैरागी समाज का शपथ ग्रहण समारोह 29 को

**मनासा, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** चतु:सम्प्रदाय, वैष्णव बैरागी समाज जिला नीमच मध्यप्रदेश का एकमात्र सामाजिक संगठन है, जो सामाजिक उत्थान हेतु समर्पित व नि:स्वार्थ रूप से समाज सेवा हेतु सेवारत है, नीमच जिले में वैष्णव बैरागी समाज व भादवामाता धर्मशाला निर्माण समिति व वैष्णव बैरागी युवा संगठन जिला नीमच मप्र का पुनर्गठन 22 जून 2025 को भादवामाता जी मे किया गया है। वरिष्ठव युवा जिला कमिटी का कार्यकाल जून 2025 से जून 2027 तक के लिए निर्धारित किया है। भादवामाता में निर्माणाधीन वैष्णव बैरागी समाज की धर्मशाला एक धरोहर के रुप मे तैयार होने जा रही है।

उपरोक्त को लेकर वैष्णव बैरागी समाज व भादवामाता धर्मशाला निर्माण समिति जिला नीमच की नवनियुक्त, वरिष्ठव युवा कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह व जिला स्तरीय महत्वपूर्ण कार्यक्रम 'माँ आंतरी' के आंगन में सेन समाज गेस्ट हाउस व रिसोर्ट (शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल के पास) आंतरी माता में दिनांक 29 जून 2025, रविवार को सुबह 10 बजे रखा जा रहा है। जिसमे क्षेत्र के विशिष्ट प्रबुद्धजन के माध्यम से शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन, समाजजन की उपस्थिति में सम्पन्न होगा। नीमच जिला वैष्णव बैरागी समाज व भादवामाता धर्मशाला निर्माण समिति के जिलाध्यक्ष भैरुदास बैरागी धामनिया व जिला कार्यकारिणी सहित नीमच जिला युवा संगठन के जिलाध्यक्ष गगन बैरागी कंजार्डा व जिला युवा कार्यकारिणी, शपथ लेकर समाज सेवा हेतु संकल्पित होंगे। सेन समाज गेस्ट हाउस से पैदल यात्रा सुबह 11 बजे प्रारम्भ होगी व माँ आंतरी के दर्शन व पूजन अर्चन के पश्चात पुन: कार्यक्रम स्थल पर आगमन होगा। उपरोक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी गोपाल बैरागी रातड़िया व जिला सह मीडिया प्रभारी मनोहरदास बैरागी बराड़ा ने देते हुए, नीमच जिले के समस्त वैष्णव बैरागी समाज बन्धुओ से आग्रह किया है कि आप उक्त आयोजन में पधारकर माँ आन्त्री के दर्शन का लाभ लेते हुए, कार्यक्रम को सफल बनायें। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित जन का सहभोज होगा।



## मालवीय बलाई समाज ने उपमुख्यमंत्री को मांगलिक भवन निर्माण हेतु मांग पत्र सौंपा

**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय मालवीय बलाई समाज महासंघ जिला मंदसौर के पदाधिकारियों द्वारा दिनांक 25 जुन 2025 को मप्र शासन उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवडा एवं नगरीय प्रशासन विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय इंदौर से मुलाकात कर मंदसौर जिला मुख्यालय पर अखिल भारतीय मालवीय बलाई समाज मांगलिक भवन धर्मशाला निर्माण कार्य हेतु शासकीय जमीन आवंटित करने के लिए मांग पत्र सौंपा गया हैं।

इस अवसर पर अखिल भारतीय मालवीय बलाई समाज युवा संगठन प्रदेश अध्यक्ष अशोक खिंची पिपलिया मंडी, मंदसौर जिला अध्यक्ष श्री रामचंद्र मालवीय गांधीनगर, वरिष्ठ समाजसेवी अर्जुनसिंह मेहर सुवासरा, तहसील अध्यक्ष अर्जुन मालवीय साबाखेड़ा, शहर अध्यक्ष गोविंदराम मालवीय मंदसौर, ग्राम पंचायत मुंदडी सरपंच राजेश मालवीय, प्रदेश मिडिया प्रभारी राहुल मेहर, महामंत्री राधेश्याम देवड़ा, महासचिव गोपाल चौहान आदि प्रतिनिधि मंडल के द्वारा आज मंदसौर आगमन पर मध्यप्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुष्पमाला पहनाकर, पगडी पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। मंदसौर मालवीय बलाई समाज द्वारा मंदसौर जिला मुख्यालय पर एक बीघा शासकीय भूमि अखिल भारतीय मालवीय बलाई समाज के नाम पर आवंटित करने की मांग की है। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मालवीय बलाई समाज को पूरा पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। कलेक्टर कार्यालय में शासकीय स्तर पर आवेदन पत्र प्रक्रिया शुरू करने की बात की है।

## हर पत्रकार को महावीर प्रकाश अग्रवाल की तरह पत्रकारिता का डिग्री कोर्स करना चाहिए



**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर के वरिष्ठ पत्रकार श्री महावीर प्रसाद अग्रवाल ने 70 साल की उम्र में 'मास्टर ऑफ जर्नलिज्म' की डिग्री प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया कि ज्ञान की कोई सीमा या उम्र नहीं होती। जिस प्रोफेशन में हम काम करते हैं उसमें पूर्ण योग्यता प्राप्त करने का प्रयास अंतिम समय तक करते रहना चाहिए ताकि हमारी कार्य कुशलता तथा वैचारिक क्षमता में निरंतर वृद्धि हो सके। एक सिद्धांतवादी पत्रकार ही विधायिका का एवं कार्यपालिका की कार्य शैली पर प्रश्न उठाने की ताकत रखता है और पत्रकारिता की शिक्षा इस प्रकार के पत्रकारों के मनोबल को बढ़ाने वाली होती है।

श्री महावीर प्रसाद अग्रवाल मंदसौर नीमच जिले में अकेले ऐसे पत्रकार हैं जिन्होंने पत्रकारिता में मास्टर डिग्री प्राप्त की। यह उन पत्रकारों के लिए सबक है जो वर्षों से पत्रकारिता कर रहे हैं तथा अखबार निकाल रहे हैं, किंतु अपनी योग्यता को बढ़ाने के बारे में कोई विचार नहीं कर रहें है। इसलिए सभी पत्रकारों से मेरा आग्रह है कि इस प्रकार के पाठ्यक्रम को आप जरूर पूर्ण करें ताकि आपकी लेखन कुशलता एवं पत्रकारिता के गुढ रहस्यों का ज्ञान आपको हो सके। एक अच्छे पत्रकार को अंग्रेजी और हिंदी भाषा पर अच्छी कमांड होना चाहिए, उसका लेखन पूर्ण तरह शुद्ध लय बद्ध होना चाहिए, उसका तार्किक होना बहुत आवश्यक है, वह सूचना तंत्र का भरपूर उपयोग करने वाला होना चाहिए अर्थात उसका मस्तिष्क सूचनाओं से भरा हुआ हो वही पत्रकार कार्यपालिका और विधायिका में उत्पन्न होने वाले दोषो को जनता के सामने उजागर कर सकता है। श्री महावीर प्रसाद अग्रवाल ने पत्रकारिता में मास्टर डिग्री प्राप्त करके पत्रकारों के सामने एक आदर्श प्रस्तुत किया है। अत: आप सभी से मेरा आग्रह, निवेदन है कि आप भी इस दिशा में अपने प्रयास शुरू करें। सफलता या असफलता की चिंता किए बगैर इस दिशा में एक कदम अवश्य बढाएं ताकि भविष्य में देश को एक अच्छे जागरूक एवं साहस के साथ लिखने वाले पत्रकार मिल सके।



**रमेशचन्द्र चन्द्रे**

## कालिदास प्रसंग के अन्तर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिताए सम्पन्न



**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. जे. एस. दुबे ने बताया कि महाविद्यालय में दिनांक 25 जून 2025 को कालिदास प्रसंग के अन्तर्गत जिला स्तरीय श्लोकवाचन एवं भाषण प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई।

संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. जे.एस. दुबे ने बताया कि दिनांक 26 एवं 27 जून 2025 को आयोजित होने वाले कालिदास प्रसंग के उपलक्ष्य में जिले की विभिन्न संस्थाओं के विद्यार्थियों ने 'मालवा के गौरव महाकवि कालिदास' विषय पर जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता एवं कालिदास के प्रसिद्ध ग्रन्थों पर आधारित जिला स्तरीय श्लोक वाचन प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुई। जिसमें भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ईशान कौशिक, द्वितीय स्थान अभिषेक सौलंकी, तृतीय स्थान अर्पित परमार को प्राप्त हुआ तथा श्लोक वाचन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ईशान कौशिक, द्वितीय स्थान जीवन पुरोहित, तृतीय स्थान लखन पण्ड्या को प्राप्त हुआ एवं साथ ही दोनों विधाओं में 10 प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु प्रतिभागी चयनित किये गये। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.एस.दुबे ने महाकवि कालिदास की कृतियों की प्रासंगिकता पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन भी प्रदान किया। प्रतियोगिता ने निर्णायक विभागाध्यक्ष संस्कृत डॉ. के. आर. सूर्यवंशी, डाइट व्याख्याता डॉ. अनीस अहमद खान, सहायक प्राध्यापक हिंदी डॉ. सीमा जैन रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पंकज शर्मा ने किया।



## बाहदरी प्राथमिक विद्यालय में स्टेशनरी सामग्री वितरीत

**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** भारत विकास परिषद शाखा मंदसौर द्वारा मंदसौर के समीप गांव बाहदरी प्राथमिक विद्यालय में एडवोकेट गौरव रत्नावत के सौजन्य से स्टेशनरी कीट वितरित की गई जिसमें बच्चों को कॉपी पेन, पेंसिल, रबर, स्केल, शॉपनर पानी की बॉटल आदि शामिल थी।

सभी सामग्री को पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष श्री घनश्याम पोरवाल ने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल आने और उच्च शिक्षा हासिल करने हेतु प्रेरित किया। भारत विकास परिषद शाखा मंदसौर के संपर्क प्रमुख एडवोकेट गौरव रत्नावत ने कहा कि स्टेशनरी सामग्री जो बच्चों को वितरित की जा रही है यह शिक्षा को बढ़ावा देने और छात्रों को अपनी पढ़ाई में सफल होने में मदद मिलेगी। विद्यालय को जब भी और अन्य सामग्री की आवश्यकता होगी तो वह भी उन्हें उपलब्ध कराई जायेगी। कार्यक्रम को शिक्षिका श्रीमती सीमा शर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर श्री अजय शर्मा, राजेंद्र चाष्टा, अशोक पालीवाल, रामचंद्र कछावा, सुशीला कछावा शिक्षिका श्रीमती गायत्री धाकड़ उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन सचिव दिलीप सेठिया ने किया।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 50 | 2000 | 2410 |
| उडद | 13 | 4500 | 4700 |
| सोयाबीन | 5600 | 3751 | 4300 |
| गैहु | 5430 | 2210 | 2715 |
| चना | 240 | 4800 | 5600 |
| मसुर | 130 | 5800 | 6472 |
| धनिया | 110 | 5400 | 6700 |
| लहसुन | 14500 | 3000 | 10200 |
| मैथी | 480 | 3500 | 5462 |
| मुंगफली | 748 | 3799 | 5301 |
| अलसी | 1270 | 6367 | 7330 |
| सरसो | 253 | 4700 | 6472 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 71 | 9600 | 11200 |
| प्याज | 2945 | 265 | 1221 |
| कलोंजी | 20 | 13500 | 19380 |
| तुलसी बीज | 5 | 11500 | 12700 |
| डॉलर | 22 | 4000 | 7600 |
| तिल्ली | 250 | 5500 | 8800 |
| जौ | 20 | 2240 | 2240 |
| मटरसुखी | 7 | 2852 | 3400 |
| असालीया | 12 | 5758 | 6600 |
| चियाबीज | 32 | 12100 | 14700 |

## जल गंगा संवर्धन अभियान में 803 खेत तालाबों का निर्माण

### जावद क्षेत्र में 196, नीमच में 209 एवं मनासा में 398 खेत तालाब निर्मित



**नीमच, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव के मार्गदर्शन में नीमच जिले में अब तक 803 खेत तालाबों का निर्माण किया गया हैं। इनमें जावद में 196, नीमच में 209 एवं जनपद क्षेत्र मनासा में 398 खेत तालाब निर्मित किए गए हैं। इस बारिश में इन खेत तालाबों में जल भराव होना भी प्रारंभ हो गया हैं।

जिला पंचायत के म.न.रे.गा. परियोजना अधिकारी श्री सुशील दौराया ने बताया, कि नीमच जिले में पूर्व में मनासा जनपद क्षेत्र में ही किसानों द्वारा खेत तालाब निर्माण में रूचि लेकर खेत तालाबों का निर्माण करवाया जाता था, इस जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत न केवल मनासा बल्कि नीमच एवं जावद क्षेत्र के किसानों ने भी आगे आकर, खेत तालाबों का निर्माण किया हैं। नीमच जनपद क्षेत्र में 209 खेत तालाब एवं जावद क्षेत्र में 196 खेत तालाबों का निर्माण किया गया है। जिले में कुल 831 खेत तालाब निर्माण का लक्ष्य रखा गया था। इसमें जावद में 219, मनासा में 408 एवं नीमच में 204 खेत तालाब निर्माण के विरूद्ध, जावद में 196, मनासा में 398 एवं नीमच में 209 खेत तालाबों का निर्माण किया गया है। मनासा क्षेत्र में 123 और नीमच क्षेत्र में 58 तथा जावद क्षेत्र में 4 खेत तालाबों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उल्लैखनीय है, कि राज्य शासन नीमच जिले को 229 खेत तालाब निर्माण का लक्ष्य दिया गया था, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा 831 खेत तालाब निर्माण का लक्ष्य निर्धारित कर, एक हजार से अधिक हितग्राहियों का चयन कर, तालाबों का निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया गया है। कलेक्टर द्वारा नियमित रूप से उपयंत्रीवार खेत तालाब निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा नियमित रूप से की जाती रही है। परिणाम स्वरूप जिले में सभी 831 खेत तालाओं का निर्माण कार्य प्रारंभ होकर अधिकांश खेत तालाबों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस बारिश में इन खेत तालाबों में वर्षा जल का भराव भी होना प्रारंभ हो गया है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद् मन्दसौर (म.प्र)

क्रमांक 1539/नामांतरण/2025

### नामातंरण विज्ञप्ति

मन्दसौर दिनांक 25.06.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय को निम्नलिखित भवनों/ भूमियों पर नामातंरण हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। जिस किसी को इन आवेदनो पर आपत्ति हो तो उक्त विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति मय ठोस दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा नियमानुसार नामातंरण की कार्यवाही की जावेगी। सूचित हो।

| क्र. | प्रकरण क्र. | मोहल्ला | वार्ड नं. | प्लाट/ मकान नं. | नगर पालिका रिकार्ड में दर्ज नाम | अंतरण कराने वाले का नाम | किसके हक में अंतरण होगा | माध्यम/ आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 851x7/2025 | नर्मदा विहार | 2 | प्लांट नं. सी 16 | बंशीलालजी पिता मोहनलाल गुर्जर | बंशीलालजी पिता मोहनलाल गुर्जर | हंसा पति प्रकाशचंद्र जैन | विक्रय पत्र |
| 2 | 852x7/2025 | यशोधर्मन मार्ग | 9 | गोडाउन 5, 27/6 | विनोदकुमार पिता बापूलाल गर्ग | विनोदकुमार पिता बापूलाल गर्ग | दिव्या पति स्व. किशोरकुमार मोटवानी | विक्रय पत्र |
| 3 | 853x7/2025 | यशोधर्मन मार्ग | 9 | दुकान 5, 27/6 | विनोदकुमार पिता बापूलाल गर्ग | विनोदकुमार पिता बापूलाल गर्ग | दिव्या पति स्व. किशोरकुमार मोटवानी | विक्रय पत्र |
| 4 | 854x7/2025 | यशोधर्मन मार्ग | 9 | दुकान 6 | विनोदकुमार पिता बापूलाल गर्ग | विनोदकुमार पिता बापूलाल गर्ग | दिव्या पति स्व. किशोरकुमार मोटवानी | विक्रय पत्र |
| 5 | 855x7/2025 | अभिनंदन मेन | 5 | दुकान एस 26 | स्व. हरीशचंद्रसिंह पिता स्व. गोपाल चौहान व आदि | स्व. हरीशचंद्रसिंह पिता स्व. गोपाल चौहान व आदि | प्रेमकुंवर पति स्व. हरीशचंद्रसिंह चौहान, जितेन्द्रसिंह पिता स्व. हरीशचंद्रसिंह चौहान | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र वसीयतनामा |
| 6 | 856x7/2025 | अभिनंदन मेन | 5 | दुकान एस 26 का भाग | स्व. हरीशचंद्रसिंह पिता स्व. गोपाल चौहान व आदि | स्व. हरीशचंद्रसिंह पिता स्व. गोपाल चौहान व आदि | प्रेमकुंवर पति स्व. हरीशचंद्रसिंह चौहान, जितेन्द्रसिंह पिता स्व. हरीशचंद्रसिंह चौहान | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र वसीयतनामा |
| 7 | 857x7/2025 | अभिनंदन मेन | 5 | दुकान एस 26 का भाग | हरिकलाबाई पति स्व. बद्रीलाल आंजना | हरिकलाबाई पति स्व. बद्रीलाल आंजना | अशोक पिता बालमुकुंद जोशी | विक्रय पत्र |
| 8 | 858x7/2025 | यश नगर फेस 3 | 39 | प्लांट नं. सी 17 | बंशीलाल पिता मोहनलाल गुर्जर | हंसा पति प्रकाशचंद्र जैन | राहुल पिता रमेशचंद्र राठौर | विक्रय पत्र |
| 9 | 859x7/2025 | सिया विहार | 39 | प्लांट नं. 27 | रवि पिता ओमप्रकाश मंत्री व आदि | रवि पिता ओमप्रकाश मंत्री व आदि | प्रेमबाई पति कंवरलाल पाटीदार | विक्रय पत्र |
| 10 | 860x7/2025 | शंकर विहार गोल्ड | 5 | प्लांट नं. 148 | नरेन्द्रकुमार पिता मोहनलाल व आदि | नरेन्द्रकुमार पिता मोहनलाल व आदि | गौतम पिता अशोक जैन | विक्रय पत्र |
| 11 | 861x7/2025 | श्रृष्टि ग्रीन | 39 | प्लांट नं. 17 | डीम्ज एसोसिएटस द्वारा पियुष पिता प्रहलाद गर्ग व आदि | डीम्ज एसोसिएटस द्वारा पियुष पिता प्रहलाद गर्ग व आदि | प्रियंका पति विशाल रत्नावत विशाल पिता बालकृष्ण रत्नावत | विक्रय पत्र |
| 12 | 862x7/2025 | साकेत नगर | 6 | प्लांट 19 का भाग | स्व. राजेन्द्र पिता स्व. नंदलाल जैन | स्व. राजेन्द्र पिता स्व. नंदलाल जैन | आशा पति स्व. राजेन्द्र जैन | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 13 | 864x7/2025 | मदारपुरा | 34 | मकान नं. 269 का भाग | अफसराबी पति सलीम खां | स्व. बानोबाई पति मरहूम गुलशेर खां व आदि | आमीन खां पिता सलीम खां | वसीयतनामा शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 14 | 865x7/2025 | मदारपुरा | 34 | मकान नं. 269 का भाग | स्व. बानोबाई पति मरहूम गुलशेर खां व आदि | स्व. बानोबाई पति मरहूम गुलशेर खां व आदि | आरीफ उर्फ पयाम पिता सलीम खां मेव | वसीयतनामा शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |

राजस्व अधिकारी
नगर पालिका मन्दसौर (म.प्र.)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मन्दसौर (म.प्र.)

## महाविद्यालय में कॉलेज लेवल काउंसलिंग का प्रथम अवसर 2 जुलाई को

**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** शिव शंकर शर्मा शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य द्वारा बताया गया कि शिव शंकर शर्मा शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय में प्रवेश हेतु संस्था स्तर की काउंसलिंग (सीएलसी) की आनलाईन रजिस्ट्रेशन आरंभ हो चुके है, इच्छुक विद्यार्थी महाविद्यालय में उपस्थित होकर नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। कॉलेज लेवल काउंसलिंग का प्रथम अवसर 2 जुलाई 2025 को समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ उनकी दो फोटो प्रतिलिपि, पासपोर्ट साईज फोटो व निर्धारित फीस के साथ महाविद्यालय में दोपहर 01:00 बजे तक उपस्थित होकर मनचाही ब्रांच कम्प्यूटर साइंस इंजी., इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेलीकम्युनिकेशन इंजी., मैकेनिकल इंजी., एवं इलेक्ट्रिकल इंजी. में प्रवेश पा सकते है।



## भगवान जगन्नाथ रथयात्रा उत्सव कल

**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्राजी का रथयात्रा उत्सव आषाढ शुक्ल द्वितीया, शुक्रवार दिनांक 27 जून 2025 को सायं 7.30 बजे मनाया जाएगा। यह हमारा परम सौभाग्य है कि ऐतिहासिक नगरी मन्दसौर में 500 वर्ष से अधिक प्राचीन श्री जगदीश मंदिर में भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्राजी के काष्ठ के विग्रह विराजित हैं। यह मंदिर श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर के सामने बड़े पुल के दाहिनी ओर भावसार धर्मशाला के सामने से शिवना नदी के किनारे पर (लच्छे बनाने वालों का मार्ग) पर स्थित है। श्रद्धालु दर्शन कर पुण्य लाभ लें।





# आपातकाल भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला था-विजयवर्गीय

### आपातकाल विभीषिका की 50वीं बरसी पर जिला भाजपा ने किया मीसाबंदी एवं परिवारजनों का सम्मान

**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एंव संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के निर्देशानुसार एंव भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में जिला मुख्यालय मंदसौर पर आपातकाल की विभिषिका को याद करते हुए मीसाबंदी सम्मान समारोह भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एंव मध्यप्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, रतलाम पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित के मुख्य आतिथ्य में जिला मुख्यालय स्थित पद्मावती रिसोर्ट पर विधायक गण हरदीप सिंह डंग, चन्दरसिह सिसोदिया, मीसाबंदी संघ के जिलाध्यक्ष हंसराज कबाडी की गरीमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

मंदसौर जिला मुख्यालय पर रेवास देवडा रोड स्थित भूमि पर कंकेबीनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, रतलाम जिले के पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने जिले के मीसाबंदी परिवारजनों, वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधिगणों के साथ एक पेड मॉं के नाम अभियान के तहत् वृक्षारोपण किया साथ ही संविधान हत्या दिवस आपातकाल के काले अध्याय से जुडी विभिषिका को दर्शाने वाली प्रदर्शनी का अवलोकन केबीनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एंव जनप्रतिनिधि पदाधिकारीयों द्वारा किया गया। तत् पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी एंव पं.दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात मंचस्थ अतिथि गणों का स्वागत भाजपा जिला पदाधिकारी गणों द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता केबीनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा की आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर तत्कालीन कांग्रेस की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा 25 जून 1975 की आधी रात को देश पर थोपे गए आपातकाल को आज 50 वर्ष पूरे हो गये है। भारत की जनता ने तब तानाशाही के विरूद्ध स्वतंत्रता की एक और लडाई लडी थी। इस बार लडाई अपने ही दिग्भ्रमित सत्तालोलुप नेताओं से थी, जिसमें देश एक बार फिर विजेता बनकर उभरा था। पिछले कुछ वर्षों में कुछ विपक्षी नेता संविधान की प्रति हाथ में लिए भाषण देते दिखाई देते रहे हैं। बात-बात में संविधान की दुहाई देने का क्रम चल रहा है। जबकि वास्तविकता में उन्हीं के परिवारजनों एंव उन्ही की कांग्रेस पार्टी ने संविधान की हत्या कर आपातकाल लगाया था। भारत के स्वरूप और मजबूत लोकतांत्रिक वातावरण में भी लोकतंत्र व संविधान बचाने केलिए सभाओं के प्रहसन चल रहे हैं। आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर यह अवसर है जब मुडकर इतिहास को फिर से देखने की आवश्यकता है। आज के युवा भाजपा कार्यकर्ताओं को अपनी पार्टी के इस इतिहास से भी रुबरू होने की आवश्यकता है। उन्हें पता होना चाहिए की आज पार्टी का जो विशाल वट वृक्ष दिखाई दे रहा है उसके पीछे उन हजारों पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का बलिदान और तपस्या है, जिन्होंने कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल के विरूद्ध आवाज उठाई और प्रदर्शन किये, अपने जीवन के उन्नीस महीने जेल में गुजारे है। आज हम सभी कार्यकर्ताओं को ऐसे बलिदानी मीसाबंदियों एंव उनके परिवारजनों से संपर्क कर उनसे मार्गदर्शन लेना चाहिए और आपातकाल विभिषिका की जानकारी प्राप्त करना चाहिए।

आपातकाल का निर्णय किसी युद्ध या आंतरिक विद्रोह के कारण नहीं बल्कि एक प्रधानमंत्री के लोकसभा चुनाव रद्द होने और अपनी सत्ता बचाने की हताशा में लिया गया राष्ट्र विरोधी निर्णय था। कांग्रेस पार्टी ने आपातकाल के इस क्रूरकाल में न केवल संवैधानिक ढांचे को कुचला बल्कि प्रेस की स्वतंत्रता, न्यायपालिका की निष्पक्षता और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को भी भंग किया। 12 जून 1975 को न्यायमूर्ति जगमोहनलाल सिन्हा ने अपने निर्णय में इंदिरा गांधी की जीत को अवैध करार दिया और 6 साल तक चुनाव लडने से प्रतिबंधित कर दिया। इस ऐतिहासिक निर्णय के बाद इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री नहीं रह सकती थी। उनकी कुर्सी को गंभीर राजनीतिक संकट खडा हो गया। इससे घबराकर इंदिरा गांधी ने आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर मंत्रिपरिषद् की अनुशंसा के बगैर ही राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद से अनुच्छेद 352 के तहत देश में आपातकाल लगाने की सिफारिश की, जिसे राष्ट्रपति ने 25 जून 1975 की आधी रात को मंजूरी दे दी। आज संविधान की प्रतियां हाथ में लहराने का नाटक करने वालों को यह स्मरण रखना ही होगा कि आपातकाल वास्तव में भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था को कुचलने का प्रयास था। यह संविधान की हत्या की सोची-समझी रणनीति थी। कार्यक्रम में अपने संस्मरण बताते हुए रतलाम जिले के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित ने कहा की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान में रातो रात संशोधन कर लोकतंत्र की हत्या की और पुरे देश में आपातकाल लगा दिया। विरोध करने वाले को चुन-चुन कर जेलों में भर दिया गया। मीडिया की स्वतंत्रता पर पाबंदी लगा दी गई। आप सभी कार्यकर्ताओं को इन सभी बातों को अपने-अपने क्षेत्र में जाकर जनता के बीच बताना होगा। जिससे की संविधान और लोकतंत्र का ढिंढोरा पीटने वाले कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों का चेहरा जनता के सामने बेनकाब हो सके। आपातकाल के समय हमारे लाखो कार्यकर्ताओं को झूठे मुकदमे में उलझा कर जेल में डाल दिया गया था। कई लोगों ने छ: माह, एक साल, डेढ साल और अधिकतम दो वर्ष तक जेलों में रहकर तत्कालिन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के इशारों पर यातनाएं झेली है। आज की नई पीढी को इस कठिन समय की जानकारी होना अत्यन्त आवश्यक है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा की आज जिला भाजपा मंदसौर द्वारा जिले में रह रहे अधिकांश मीसाबंदी एंव उनके परिवारजनों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है और इन सभी का सम्मान हमारे मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जी द्वारा होना है। मेरा आप सभी जिले के युवा पदाधिकारी एंव कार्यकर्ताओं से आग्रह है कि आपातकाल की विभिषिका के दर्दनाक और असहनीय कृत्यों की जानकारी प्राप्त कर कांग्रेस द्वारा किये जा रहे षड्यंत्र को बेनकाब करने में जुट जायें। कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा मीसाबंदी पूर्व विधायक देवीलाल धाकड, मदनलाल राठौर, हंसराज कबाडी, मनोहरलाल जैन, कांतिलाल रूनवाल, गोपाल पटवा, सुरेंद्र सिंह खेजडिया, राजेंद्रसिंह गौतम, विष्णु सेन कच्छावा, समरथमल खमेसरा, नारायण सिंह चौहान, विनोद पुरोहित एडवोकेट, गोपाल राठौर सीतामऊ, ओमप्रकाश बिलोरिया मंदसौर, स्व.ओमप्रकाश जी पुरोहित पुत्र क्षितिज पुरोहित, स्व.मोहनलाल जी मरच्या पुत्र देवेंद्र कुमार मरच्या, स्व.देवीलाल जी रियार पुत्र दिनेश रियार, स्व.चम्पालाल जी आर्य पुत्र राजेंद्र आर्य, स्व.कांति चंद्र जी मिंडा पुत्र अरविंद मिंडा, स्व.मोहन सिंह जी गौतम पुत्र राजेंद्र सिंह गौतम, स्व.किशोर सिंह जी सिसोदिया पौत्र भानुप्रताप सिंह सिसोदिया, स्व.गोविंद राम जी टेलर पुत्र ओम प्रकाश टेलर, स्व. लक्ष्मीनारायण परिहार पौत्र महेंद्र परिहार, स्व.तुलसीराम जी मामा पुत्र हेमंत रोचवानी, स्व.राजेंद्र जैन गरोठ धर्मपत्नी श्रीमती जैन, स्व.चंपालाल जी आर्य के पुत्र वीरेंद्र आर्य, स्व.कांतिचंद जी मिंडा के पुत्र प्रवीण मिंडा, स्व.परमजीत चावला पुत्र सन्नी चावला, गोविंद नागदा, स्व.रामचन्द्र जी भाया जी के परिवारजन, स्व.मिश्रीलाल जी फाफरिया के पुत्र बलवंत फाफरिया आदि मीसाबंदी एंव उनके परिवारजनों का शॉल, दुपट्टा और श्रीमद् भगवत गीता भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री कैलाश चावला, पूर्व विधायक राधेश्याम पाटीदार, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, मुकेश काला, प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक बाबूलाल चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, नगरपालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनुप्रिया यादव सहित भाजपा जिला पदाधिकारीगण, मंडल अध्यक्ष गण, मोर्चा पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्ता गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम सह प्रभारी देवेंद्र मरच्या ने किया एंव आभार कार्यक्रम जिला प्रभारी जगदीश परमार ने माना। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

## पांच रू. के सिक्कों की आपूर्ति तथा 10 एवं 20 रू. के उच्च गुणवत्ता वाले नए नोटों की शीघ्र व्यवस्था हो


### फुटकर किराना व्यापारी संघ ने भारतीय रिजर्व बैंक के मुख्य कार्यालय व रीजनल कार्यालय को पत्र लिखकर मांग की

**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** फुटकर किराना व्यापारी संघ मंदसौर द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक के मुख्य ऑफीस मुम्बई एवं आंचलिक निदेशक भोपाल को पत्र लिखकर मंदसौर क्षेत्र में 5 रू. के सिक्कों की कमी को दूर करने एवं 10 तथा 20 रू. के गुणवत्ता वाले नोटों को जारी करने की मांग की।

फुटकर किराना व्यापारी संघ मंदसौर के अध्यक्ष अशोक कामरिया ने लिखे पत्र में कहा कि वर्तमान में मंदसौर क्षेत्र में 5 रू. के सिक्कों की अत्यधिक कमी देखी जा रही है। इसके अतिरिक्त 10 रू.एवं 20 रू. के मूल्यवर्ग के जो नोट वर्तमान में प्रचलन में हैं, उनकी स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। अधिकांश नोट पुराने, फटे हुए तथा दैनिक उपयोग के अयोग्य हो गए हैं। इस स्थिति के कारण छोटे व्यापारियों, फुटकर विक्रेताओं, दुकानदारों, दैनिक श्रमिकों एवं आम नागरिकों को प्रतिदिन के लेन-देन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर फुटकर भुगतान एवं खुल्ले पैसों की अदला-बदली में परेशानी उत्पन्न हो रही है। मुख्य कार्यालय व रीजनल कार्यालय से निवेदन किया कि मंदसौर क्षेत्र में 5 रू. के सिक्कों की पर्याप्त आपूर्ति तथा 10 एवं 20 रू. के उच्च गुणवत्ता वाले नए नोटों की शीघ्र व्यवस्था करावे जिससे आम जनता को राहत मिल सके एवं व्यापारिक गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित रह सकें।

## उप मुख्यमंत्री आज कुशाभाऊठाकरे ऑडिटोरियम में दो दिवसीय कालिदास प्रसंग का करेंगे शुभारंभ

**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** म. प्र. संस्कृति परिषद और कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन के माध्यम से 26 ओर 27 जून को कुशाभाऊठाकरे ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले कालिदास प्रसंग का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा करेंगे।



26 जून को प्रात: 8:30 बजे भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर में कलश पूजा की जाएगी। तत्पश्चात 10:30 बजे प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ कालिदास प्रसंग का शुभारंभ होगा। इस आयोजन में विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर आयोजित श्लोक पाठ एवं भाषण प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को प्रोत्साहन पुरस्कार ओर सभी सहभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। सायंकाल 7:00 बजे सांस्कृतिक मंच पर मालवा की लोक परम्परा माच शैली में मेघदूतम लोक नाट्य की प्रस्तुति उज्जैन के कलाकारों द्वारा दी जाएगी। साथ ही मंदसौर नगर की स्थानीय प्रतिभाओं द्वारा संस्कृति के विविध रंग आयोजन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी। 27 जून को प्रात: 11 बजे परिसंवाद का आयोजन होगा जिसमें 'कालिदास के साहित्य में लोकमंगल' विषय पर विद्वान वक्तागण डॉ. रघुवीर प्रसाद गोस्वामी भोपाल, डॉ. जे एन त्रिपाठी भोपाल ओर डॉ. किरण आर्या सागर के व्याख्यान होंगे।



## सीए मंदसौर ब्रांच ने किया इंडस्ट्रियल विजिट, 41 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** सीए दिवस (1 जुलाई) के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के प्रथम दिन, सीए मंदसौर ब्रांच द्वारा एक विशेष इंडस्ट्रियल विजिट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वीनस एलॉयज प्राइवेट लिमिटेड (जो पान स्टील के नाम से प्रसिद्ध है) की दलौदा स्थित इकाई का भ्रमण किया गया।

ब्रांच अध्यक्ष सीए राजेश मंडवारिया ने बताया कि इस विजिट में 41 छात्र-छात्राओं सहित सीए मेंबर्स की सक्रिय भागीदारी रही, जो कि अब तक की सबसे बड़ी संख्या में से एक है और निश्चित ही यह विद्यार्थियों के लिए एक सराहनीय अनुभव रहा। छात्रों को इंडस्ट्री की कार्यप्रणाली, उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण और प्रबंधन संबंधी विभिन्न पहलुओं की प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान की गई। कंपनी के प्रतिनिधि अंकित कीमती, संयम जैन, सम्यक जैन, प्रसन्न जैन, वैभव दुगड एवं अभय संचेती ने सभी को पूरे प्लांट का विस्तृत भ्रमण कराया और विभिन्न चरणों की तकनीकी जानकारी साझा की। इस अवसर पर सीए विनय अग्रवाल, सीए नीतेश भदादा, सीए अर्पित नागर, सीए अर्पित मेहता, सीए सिद्धार्थ अग्रवाल, एवं सीए राजेश जैन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन सीए अमन मेहता ने इस आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसे सुचारू रूप से संपन्न कराने में अपना सक्रिय योगदान दिया। इस शैक्षणिक भ्रमण ने विद्यार्थियों को उद्योग की वास्तविक कार्यप्रणाली से रूबरू करवाने के साथ-साथ उन्हें पेशेवर दृष्टिकोण से समृद्ध करने का एक मूल्यवान अवसर प्रदान किया।

## 2026 से दो चरणों में होगी परीक्षा, सीबीएसई का 10वीं एग्जाम पर फैसला, एक में शामिल होना अनिवार्य

**नई दिल्ली, 25 जून।** सीबीएसई कक्षा-10 की बोर्ड परीक्षाएं साल में दो बार होंगी। पहले चरण की परीक्षा फरवरी और दूसरा चरण मई में होगा। पहले चरण के नतीजे अप्रैल में और दूसरे चरण के नतीजे जून में आएंगे। इंटरनल असेसमेंट केवल एक बार किया जाएगा।कक्षा-10 के छात्रों के लिए बोर्ड परीक्षा के पहले चरण में शामिल होना अनिवार्य, दूसरा चरण वैकल्पिक होगा।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने साल 2026 से कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाएं साल में दो बार आयोजित करने के नियमों को मंजूरी दे दी है। परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने इसकी पुष्टि की है।सीबीएसई के नए नियमों के अनुसार, कक्षा 10वीं के छात्रों के लिए पहली बार की बोर्ड परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य होगा, जबकि दूसरी परीक्षा में बैठना वैकल्पिक रहेगा।

**सीबीएसई का ये है उद्देश्य**–बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि आंतरिक मूल्यांकन (इंटरनल असेसमेंट) केवल एक बार ही किया जाएगा, भले ही छात्र एक या दोनों चरणों की परीक्षाएं दें।सीबीएसई का उद्देश्य इस व्यवस्था से छात्रों को बेहतर अवसर देना है। ताकि वो अपनी तैयारी के अनुसार बेहतरीन प्रदर्शन कर सकें और तनाव भी कम हो।

## संविधान हत्या दिवस पर परिचर्चा सम्पन्न

**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डॉ. जे. एस. दुबे ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष दिनांक 25 जून 2025 को संविधान हत्या दिवस के रुप में मनाने का निर्णय लिया गया जिसके अंतर्गत राजनीति विज्ञान विभाग एवं एन.एस.एस. द्वारा संविधान हत्या दिवस पर परिचर्चा का आयोजन कालिदास कक्ष में किया गया। उन्होंने कहा कि यह अवसर न केवल उस ऐतिहासिक घटना की स्मृति का है, बल्कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक नैतिकता के प्रति एक नई प्रतिबद्धता के साथ लोकतंत्र की रक्षा के लिए सजक रहने का भी अवसर है।

राजनीति विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष सिंह मालवीय ने बताया कि 25 जून सन 1975 में आज ही के दिन लागू किए गए आपात के विरोध में यह दिवस मनाया जा रहा है इस दिन को मनाने का उद्देश्य उन लोगों को श्रद्धांजलि देना है, जिन्होंने आपातकाल के दौरान अपने मौलिक अधिकारों के लिए संघर्ष किया एवं कारावास तथा अन्य अत्याचार सहे। यह दिन संविधान के मूल्यों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता जताने का अवसर है। डॉ. सोहन लाल यादव ने कहा की 'संविधान हत्या दिवस' की स्मृति में 25 जून 2025 से 25 जून 2026 तक एक वर्ष की अवधि में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन शासन के निर्देशानुसार किया जाएगा। साथ ही भारत सरकार के निर्देशानुसार संपूर्ण मध्यप्रदेश में इस विषय को लेकर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। साथ ही भारत सरकार द्वारा निर्मित डॉक्यूमेंट्री फ़िल्मों की प्रदर्शनी भी की जाएगी, जिससे युवाओं और विद्यार्थियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम में डॉ. पंकज शर्मा तथा महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन डॉ. सोहन लाल यादव एवं आभार डॉ. सीमा जैन ने माना। सभी ने संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए इस विशेष दिन को सार्थक बनाया।

## मंदसौर कृषि उपज मंडी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की होगी स्थापना-राजा बन्ना

**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** कृषि उपज मंडी मंदसौर जैसी व्यस्त और बड़ी मंडी में जहां प्रतिदिन सैकड़ों किसान, हम्माल और व्यापारी आते हैं, वहां अब तक स्वास्थ्य सुविधा का कोई ठोस इंतजाम नहीं था। अचानक बीमारियों या चोट जैसी स्थितियों में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।



समाजसेवी एवं मंडी के मुद्दों पर निरंतर सक्रिय किसान नेता योगेन्द्र सिंह चुंडावत (राजा बन्ना) ने इस गंभीर कमी को लगातार उठाया। उन्होंने मंडी में प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लगातार संघर्ष किया और कई बार ज्ञापन एवं आग्रह भी किए। इस मुद्दे पर चुंडावत ने पार्टी जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. गोविंद चौहान से चर्चा की। उनके सहयोग एवं सकारात्मक रवैये से आखिरकार मंडी परिसर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना को मंजूरी मिल गई है। दिनांक 25 जून 2025 को कृषि उपज मंडी समिति द्वारा जारी आदेश के तहत अब मंडी परिसर में दो मेल नर्सिंग ऑफिसर्स –श्री नितिन कुमार व्यास और श्री मनीष कुमार बैरागी की ड्यूटी प्रात: 10 बजे से शाम 6 बजे तक लगाई गई है। दोनों अधिकारी प्राथमिक चिकित्सा कक्ष में आवश्यक जीवन रक्षक औषधियों और उपकरणों के साथ उपस्थित रहेंगे।

योगेन्द्र सिंह चुंडावत ने इस उपलब्धि को मंडी के किसानों, व्यापारियों और हम्मालों के लिए बड़ी राहत बताया और इसे एक लंबी लड़ाई का परिणाम कहा। उन्होंने जिला अध्यक्ष श्री राजेश दीक्षित एवं सीएमएचओ डॉ. गोविंद चौहान सहित सभी वरिष्ठ नेतागण का विशेष आभार प्रकट किया, जिनके सहयोग से यह कार्य संभव हो पाया। स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन जल्द ही वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। अब यह स्वास्थ्य केंद्र न केवल आकस्मिक स्थितियों में सहायक होगा, बल्कि मंडी में कार्यरत सभी लोगों के लिए एक सुरक्षित वातावरण भी सुनिश्चित करेगा। यह एक बड़ी उपलब्धि है, जो जनहित और जनस्वास्थ्य की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है।

## जल की महत्वता एवं कार्यों के चयन के संबंध में जल दूतों का प्रशिक्षण संपन्न

**नीमच, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्रामीण को जल संचयन के लिए प्रेरित करने हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर जल दूतों का चिन्हाकन किया गया है। यह जल दूत ग्रामीण जनों को जल संचयन के लिए खेत तालाब निर्माण डगवेल रिचार्ज निर्माण के साथ जल संरक्षण का कार्य करेंगे। जल गंगा संवर्धन अभियान के क्रियान्वयन में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है। अभियान के समापन सप्ताह में सभी जल दूतों के उन्मुखीकरण के लिए बुधवार को नीमच एवं जावद जनपद पंचायत द्वारा जल दूतों का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जल दूतों द्वारा अभी तक किए गए कार्य और भविष्य में नवीन कार्यों के चिन्हांकन एवं जल दूतों की भूमिका, तकनीकी पहलुओं से उनको अवगत कराया गया। जनपद पंचायत जावद द्वारा ग्राम पंचायत सुवाखेड़ा के सामुदायिक भवन डोम में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री प्रीति संघवी , अध्यक्ष जनपद पंचायत श्री गोपाल चारण , प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अरविंद डामोर भी उपस्थित थे। जनपद पंचायत नीमच में जनपद सदस्य श्री रतनलाल मालावत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री मयूरी जोक व प्रशिक्षकों की उपस्थिति में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाईम रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य

**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला संयोजक, आदिम जाति कल्याण विभाग अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि भारत सरकार के निर्देश अनुसार जनजातीय विद्यार्थियों को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन किये जाने के संबंध में कक्षा 9वीं से महाविद्यालय स्तर तक अध्ययनरत् जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों (आय-सीमा राशि रूपये 2.50 लाख से कम) को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (एनएसपी) पर वन टाईम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) करना अनिवार्य है। विद्यार्थियों द्वारा एक बार (ओटीआर) नबर प्राप्त कर लिये जाने के पश्चात् भविष्य मे भी आगामी कक्षाओं में इसी नंबर के आधार पर छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा जिसके लिये पृथक से पुन: की आवश्यकता नहीं होगी। थश जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को (ओटीआर) 30 जुलाई 2025 से पूर्व कराना अनिवार्य होगा। वर्ष 2025-26 मे एमपीटॉस पोर्टल पर छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करते समय (ओटीआर) नंबर दिया जाना अनिवार्य है।

## राज्य स्तरीय रीजनल इण्डस्ट्री, स्किल एण्ड एम्प्लोयमेंट कॉनक्लेव का आयोजन कल

### रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए कॉनक्लेव

**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र महाप्रबंधक द्वारा बताया गया कि 27 जून 2025 को रीजनल इण्डस्ट्री, स्किल एण्ड एम्प्लोयमेंट कॉनक्लेव का आयोजन प्रस्तावित है। इसके अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न किया जायेगा।जिसका सीधा प्रसारण न्यूज चैनलों एवं सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रदेश केयशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा जिलों से चयनित हितग्राहियों के साथ वर्चुअल संवाद भी स्थापित किया जायेंगा। उक्त परिप्रेक्ष्य में आयोजन को दृष्टिगत रखते हुऐ राज्य शासन द्वारा संचालित रोजगार/स्वरोजगार मूलक/स्किलिंग संबंधी योजनाओं, म.प्र. एमएसएमई प्रोत्साहन योजना-2025, म.प्र. स्टार्ट-अप नीति एवं कार्यान्वयन योजना-2025, म.प्र. एमएसएमई औद्योगिक भूमि, भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 इत्यादि के अन्तर्गत लाभान्वित हुए हितग्राहियों/लाभार्थियों को आमंत्रित कर हितलाभ पत्र वितरित किये जायेंगे।

27 जून 2025 को रीजनल इण्डस्ट्री. स्किल एण्ड एम्प्लोयमेंट कॉनक्लेव आयोजन को दृष्टिगत रखते हुऐ रतलाम के अतिरिक्त मंदसौर जिला मुख्यालय में भी जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। ठखइए कॉनक्लेव आयोजन में भाग लेने वाले प्रतिभागी इच्छुक व्यक्ति कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी केलिये कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मंदसौर में कार्यालयीन समय में सम्पर्क कर सकते है।


## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर म.प्र.

E-Mail-modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/1031/खनिज/2025 मंदसौर, दिनांक-25.06.2025

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

//// द्वितीय सूचना ////

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गोपाल परमार पिता अमृतराम परमार निवासी दलौदा सगरा, तहसील दलौदा, जिला मंदसौर द्वारा क्रेशर मशीन लगाकर गिट्टी बनाने एवं विक्रय के लिए पत्थर खनिज का उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 21.03.2025 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना 720/खनिज/2025 मंदसौर दिनांक 14.05.2025 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुन: 15.07.2025 तक इस क्षेत्र पर यथा स्थित उत्खनिपट्टा आवेदन आन लाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार (शासकीय/निजी) | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | सीतामऊ | छत्रपुरा | 154 | 4.000 है. | शासकीय | गिट्टी पत्थर, एम.सेंड एवं मुरम (क्रेशर आधारित) | --- |

1. उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15.07.2025 तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाखा जिला मंदसौर म.प्र.

G-14807/25 जीवन है अनमोल, तो क्यों करे यातायात नियमों से खेल।


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in